# Code No. 2501

**CLASS : 9th (Ninth)** **Series : 9/Feb./2024**

**Roll No.** □□□□□□□□□□

## हिन्दी

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : 3 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80*

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

**नोट :** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

### खण्ड – क

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) भाषा किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए। 2

(ख) सूर्य, घर (*दो-दो*) पर्यायवाची शब्द लिखिए। 2

(ग) अव्ययीभाव समास किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए। 2

 P. T. O.

Downloaded from www.cclchapter.com

(घ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(i) आग में घी डालना।

(ii) नौ दो ग्यारह होना

(ङ) उत्थान, निंदा (विलोम शब्द लिखिए)। 2

(च) (i) 'चिर' उपसर्ग प्रयोग करते हुए *दो* शब्द बनाइए। 1

(ii) 'इक' प्रत्यय लगाकर *दो* शब्द बनाइए। 1

(छ) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों का नाम लिखिए : 2

(i) चाँदी की-सी उजली जाली।

(ii) हँसमुख हरियाली हिम-आतप।

**2.** निम्नलिखित में से किसी *एक* विषय पर निबन्ध लिखिए - 5

(क) मेरे जीवन का लक्ष्य

(ख) व्यायाम का महत्त्व

(ग) वैश्विक पटल पर हिन्दी

(घ) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(ङ) स्वतंत्रता दिवस

**3.** स्थानांतरण प्रमाण पत्र लेने हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

समय के सदुपयोग का महत्त्व बताते हुए अपने अनुज को पत्र लिखिए।



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड – ख

**4.** क्षितिज (काव्य-खण्ड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(क) कबीरदास के अनुसार व्यक्ति की पहचान किससे होती है ?

(i) कुल से (ii) धन से

(iii) वंश से (iv) कर्म से

(ख) 'घर जाने की चाह है घेरे' – पंक्ति में ललद्यद किसके घर जाने की कामना करती है ?

(i) अपने (ii) पिता के

(iii) भगवान के (iv) पति के

(ग) गोपियाँ श्रीकृष्ण की कौन-सी वस्तु धारण नहीं करना चाहतीं ?

(i) मुकुट (ii) मुरली

(iii) लाठी (iv) मोरपंख

(घ) 'मोहन के व्रत' में 'मोहन' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(i) महात्मा गाँधी (ii) कवि

(iii) मदन मोहन (iv) मनमोहन

(ङ) 'मरकत डिब्बे-सा खुला' किसे कहा गया है ?

(i) गंगा (ii) गाँव

(iii) साँप (iv) सनई

(च) रंग-विरंगी किताबों को किसने खा लिया है ?

(i) चूहों ने (ii) चीटियों ने

(iii) दीमकों ने (iv) बच्चों ने



Downloaded from www.cclchapter.com

5. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 5 = 5

मोको कहाँ ढूँढ़ें बंदे, मैं तो तेरे पास में।

ना मैं देवल ना मै मसजिद, ना काबा कैलास में

ना तो कोने क्रिया-कर्म में, नहीं योग बैराग में

खोजी होय तुरतै, मिलिहौं, पल भर की तालास में

कहैं कबीर सुनो भई साधो, सब स्वाँसों की स्वाँस में।

(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ख) कबीरदास के अनुसार ईश्वर कहाँ निवास करता है ?

(ग) खोजने वाले को ईश्वर कब मिलता है ?

(घ) ईश्वर किस प्रकार के क्रिया-कर्म करने से प्राप्त होता है ?

(ङ) 'देवल' शब्द का क्या अर्थ है ?

6. निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 3

अब रजत स्वर्ण मंजरियों से

लद गई आम्र तरु की डाली,

झर रहे ढाक, पीपल के दल,

हो उठी कोकिला मतवाली।

7. (क) ब्रज भूमि के प्रति कवि का प्रेम किन-किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है ? 3

(ख) 'मेघ आए' कविता में किस संस्कृति का वर्णन किया गया है ? उदाहरण सहित लिखिए। 3



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड – ग

**8.** क्षितिज (गद्य-खण्ड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(क) छोटी लड़की जिसने बैलों को रोटियाँ खिलाई, उसके पिता का क्या नाम था ?

(i) गया (ii) झूरी

(iii) भैरो (iv) सुमित

(ख) मन्दिर में कन्जुर की कितनी हस्तलिखित पोथियाँ रखी हुई थीं ?

(i) 103 (ii) 113

(iii) 104 (iv) 123

(ग) उपभोक्तावाद की संस्कृति के कारण हम कैसी दासता स्वीकार कर रहे हैं ?

(i) आर्थिक दासता (ii) बौद्धिक दासता

(iii) सांस्कृतिक दासता (iv) सामाजिक दासता

(घ) 'साँवले सपनों की याद' किस विधा की रचना है ?

(i) कहानी (ii) निबंध

(iii) संस्मरण (iv) यात्रावृत्तांत

(ङ) कुंभनदास का जूता कहाँ आने-जाने से घिस गया था ?

(i) दिल्ली (ii) आगरा

(iii) होशंगाबाद (iv) फतेहपुर सीकरी

(च) महादेवी की माता जी किसके पद विशेषरूप से गाती थीं ?

(i) कबीर (ii) मीरा

(iii) रसखान (iv) सूरदास



Downloaded from www.cclchapter.com

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 5 = 5

उन जैसा 'बर्ड वाचर' शायद ही कोई हुआ हो। लेकिन एकांत क्षणों में सालिम अली बिना दूरबीन भी देखे गए हैं। दूर क्षितिज तक फैली जमीन और झुके आसमान को छूने वाली उनकी नजरों में कुछ-कुछ वैसा ही जादू था, जो प्रकृति को अपने घेरे में बाँध लेता है। सालिम अली उन लोगों में थे जो प्रकृति के प्रभाव में आने की बजाए प्रकृति को अपने प्रभाव में लाने के कायल होते हैं। उनके लिए प्रकृति में हर तरफ एक हँसती खेलती रहस्यमयी दुनिया थी।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक और पाठ का नाम लिखिए।

(ख) प्रस्तुत गद्यांश का प्रसंग लिखिए।

(ग) इस गद्यांश में 'बर्ड वाचर' कौन है ?

(घ) पक्षियों के सम्बंध में सालिम अली के क्या विचार थे ?

(ङ) एकांत क्षणों में सालिम अली कैसे देखे गए ?

**10.** मुंशी प्रेमचन्द *अथवा* हरिशंकर परसाई का जीवन परिचय देते हुए, उनकी रचनाओं, साहित्यिक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। 5

**11.** (क) लेखक लङ्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया ? 2

(ख) महादेवी वर्मा ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ? 2

**खण्ड – घ**

**12.** *कृतिका (भाग-1)* के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 + 3 = 6

(क) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों ?

(ख) लेखिका की नानी की आजादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागेदारी रही ?

(ग) शंकर की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड – ङ

**13.** (क) नैतिक शिक्षा (पाठ्य-पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(1) शिवाजी के गुरु का क्या नाम था ?

(i) स्वामी रामदास (ii) रविदास

(iii) नंददास (iv) शाहजी भोंसले

(2) ब्रह्मगुप्त द्वारा प्रतिपादित कुट्टकाध्याय का सम्बन्ध गणित की किस शाखा से है ?

(i) अंकगणित (ii) बीजगणित

(iii) रेखागणित (iv) सांख्यिकी

(3) वेदान्तिक पण्डित व साधक तोतापुरी ने किसे वेदांत की शिक्षा प्रदान की थी ?

(i) स्वामी विवेकानन्द (ii) कबीरदास

(iii) स्वामी दयानंद (iv) रामकृष्ण परमहंस

(4) गीता के दशम अध्याय का क्या नाम है ?

(i) सांख्य योग (ii) विभूति योग

(iii) कर्म योग (iv) ज्ञान विज्ञान योग

(ख) यौगिक क्रियाएँ हमें किस प्रकार असीम आनंद प्रदान करती हैं ? 3

(ग) सद्व्यवहार के अनिवार्य तत्त्व कौन-कौन से हैं ? 3



Downloaded from www.cclchapter.com